जागरण

ब्रांडेड बोतल में भरी जाती थी नकली अवैध शराब, एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो का वैशाली में छापा

राज्य ब्यूरो, पटना। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो (ईआईबी) ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार को वैशाली के रुस्तमपुर दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री और मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। यहां ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की बोतलों में नकली शराब पैक की जाती थी।

इस दौरान काफी मात्रा में विदेशी शराब बनाने का सामान, खाली बोतल, रैपर, रसायन आदि के साथ चार देसी कट्टे भी बरामद किए गए हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार, उत्पाद आयुक्त रजनीश कुमार सिंह को वैशाली में नकली शराब फैक्ट्री की गुप्त सूचना मिली। इसके बाद पटना मुख्यालय से मद्यनिषेध उपायुक्त संजय कुमार के नेतृत्व में ईआइबी की टीम बनाकर वैशाली के दियारा क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में देसी चुलाई शराब की भट्टी को भी ध्वस्त किया गया।

Source: https://www.jagran.com/bihar/patna-city-patna-city-news-illicit-liquor-factory-busted-in-vaishali-23951650.html